The Chinese response has been that our proposals for alternative routes are under consideration in consultation with the local authorities in the Tibet Autonomous Region (TAR). They have cited difficulties in opening new routes on the grounds that it would involve travel over much longer distances over difficult terrain with poor road conditions, and, lack of proper infrastructure for accommodation and communications. They have also expressed the view that development of infrastructure in these remote areas would not be an easy task and building facilities for alternative routes could take a long time.

Tunjun Pass is located in the Barahoti area of the Chamoli District of Uttar Pradesh. Since the fifties, China has claimed that this Pass is located on the Chinese side.

Government of India, for its part, are willing to consider new routes talking into account the availability of infrastructure and logistical facilities and other relevant factors. Our efforts to open a new route are continuing.

पानी के लिए संघर्ष

*179. **श्रीमती सरोज दुबे**: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क)क्या यह सच है कि भू-वैज्ञानिकों का विश्वास है कि इक्कीसवीं सदी पानी के लिए संघर्ष की सदी होगी; और

(ख)सदि हां, तो स्थिति को सामान्य बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का विस्तृत ब्यौरा क्या हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल) : (क) और (ख) केन्द्रीय जल आयोग द्वासरा किए गए मूल्यांकन के अनुसार जनसंख्या में वृद्धि और तेजी से हो रहे औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण 21वीं सदी में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता में और अधिक कमी आयेगी। स्वतंत्रता के समय देश में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता प्रति वर्ष 5000 वर्ग घन मीटर से अधिक थी जो अब घटकर 2200 घन मीटर प्रति वर्ष रह गई और यह अनुमान लगाया गया हैं कि यह उपलब्धता सन् 2025 तक घट कर लगभग 1500 घन मीटर रह जाएगी। संयुक्त राष्ट्र के मानदण्ड के अनुसार 1000 घन मीटर प्रति व्यक्ति से कम जल उपलब्धता वाली स्थिति को जल की कमी वाली स्थिति माना जाता हैं। इसलिए सन् 2025 के अंत में भारत के सामने राष्ट्रीय स्तर पर सामान्यत: जल की कमी की स्थिति नहीं होगी। तथापि, कुछ नदी बेसिन स्तर अथवा स्थानीय स्तर पर जल की कमी की स्थिति हैं।

भविष्य में प्रति घटती हुई जल उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने विभिन्न नीति और कार्यक्रम शुरू किए हैं। इनमें राष्ट्रीय जल नीति अपनाना, अधिशेष जल वाले बेसिनो से जल की कमी वाले क्षेत्रों को जल का हस्तांतरण करने के लिए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना तैयार करना, विभिन्न प्रयोजनों के लिए जल के कुशल और किफायती उपयोग को बढ़ावा देना और उसका संरक्षण करना तथा चल रही वृहद और मध्यम सिंचाई तथा बहुउद्देशीय परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए वर्ष 1996-97 सेत्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम शुरू करना शामिल हैं। सरकार वर्षा के जल पर आधारित खेती और वाटरशेड प्रबंधन को भी बढ़ावा दे रही हैं।

प्रशासनिक कानूनों की समीक्षा

*180. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क)क्या प्रशासनिक कानूनों की समीक्षा करने कें लिए गठित आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी हैं;

(ख)यदि हां, तो उस रिपोर्ट में आयोग की मुख्य सिफारिशें क्या हैं;

(ग)सिफारिशों पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया और क्या सरकार ने इस रिपोर्ट को पूर्णत: या अंशत: स्वीकार कर लिया हैं; और

(घ)यदि हां, तो सरकार आयोग द्वारा की गई सिफारिशों को कब तक लागू करना चाहेगी?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा वित्त (बैंकिंग, राजस्व और बीमा) मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कादाम्बूर एम0आर0 जनार्दन) : (क) जी, हां।

(ख)आयोग द्वारा अपनी रिपोर्ट में की गई महत्वपूर्ण सिफारिशें निम्न प्रकार हैं:-

1.सभी मंत्रालय/विभाग उनके द्वारा प्रशासनिक